# इंटीग्रेटेड टाउनशिप में निवेश को चार कंपनियों ने दिखाई रुचि

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक निवेश के लिए चार कंपनियों ने रुचि दिखाई है। कंपनियों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होनी है, जिसके बाद इनके चयन पर अमलीजामा पहनाया जाएगा।



प्रेरणा सिंह

भोड़की गांव में 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड की निदेशक प्रेरणा सिंह ने बताया कि टाउनशिप में कई बड़ी कंपनियां अपनी इकाई स्थापित कर रही हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रानिक्स, फार्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग, जे वर्ल्ड आदि शामिल हैं। इसी वर्ष नवंबर में टाउनशिप में आवासीय व औद्योगिक गतिविधियां विकसित करने के लिए भूखंड आवंटन की दरें तय की गई थीं। साथ ही ग्रुप हाउसिंग के चार भूखंडों की योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया था।

औद्योगिक भूखंडों की दर 23,900 रुपये प्रति वर्गमीटर और वाणिज्यक भूखंडों की दर 75,400 रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई। इन दरों पर ही भूखंड का आवंटन किया जाएगा।